श्री अरूण कुमार सिंह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या-152/26 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखण्ड-रफीगंज, पोस्ट-बुधौल ग्राम-ओड़िया चक, भाया-गुरारू चीनी मिल्स के हमलोग निवासी है। उत्तर कोयल नहर के मुख्य शाखा से हमलोगों के यहाँ सिंचाई कार्य होता है। अम्बा प्रखण्ड के बरियामा ग्राम के निकट 211 RD पर नव निर्मित गेट में फाटक लगाने तथा नहर में जोड़े गए दिवार को हटाने के लिए आवेदन के माध्यम से इस संबंध में जिला के संबंधित पदाधिकारी/अधिकारियों को कई बार ध्यान आकृष्ट कराया गया परन्तु कार्रवाई अभी तक लम्बित है। अतः याचिका के माध्यम से याचना करते हैं कि उपरोक्त कार्य को जनहित में कराने की कृपा की जाय।	वस्तुस्थिति यह है कि औरंगाबाद जिलांतर्गत अम्बा प्रखण्ड के बरीयामा गाँव के निकट उत्तर कोयल मुख्य नहर के 211 आर० डी० (कि० मी० 64.31) पर उत्तर कोयल परियोजना के तहत नये शीर्ष नियामक (क्रॉस रेगुलेटर) का निर्माण किया गया है। वर्णित शीर्ष नियामक (क्रॉस रेगुलेटर) में 03 अदद गेटों के अधिष्ठापन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है एवं खरीफ अवधि 2026 के पूर्व पूर्ण कर लिया जायेगा तथा प्रश्नगत शीर्ष नियामक के 25 मी० डाउनस्ट्रीम में पूर्व से निर्मित दीवार को हटाते हुए खरीफ अवधि 2026 में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–13 / 2026 पटना / दिनांक ....

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के पत्रांक–161 दिनांक–25.03.2026 के आलोक में प्रतिहस्ताक्षरित याचिका सं0–152 / 2026 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–03–13/2026 पटना/दिनांक :..

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–03–13/2026 पटना/दिनांक :...............................

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–03–13/2026 2649 पटना/दिनांक :....19/5/26....................

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/5/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव